**SSC Public Examinations - 2022**

**Hindi Model Paper and Blue Print**

**Time : 3h.15min.** **Maximum Marks : 100**

## Section - I ( भाषा की बात )

| क्र.सं. | प्रश्न संख्या | प्रश्नवार विश्लेषण | प्रश्नों की संख्या | अंक | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1 | तत्सम ,तद्भव ( विकल्पों में से सही उत्तर पहचानकर लिखना होगा) | 1 Q | 1M | 1M |
| 2. | 2. | क्रिया विशेषण (एक शब्द में उत्तर लिखना होगा) | 1 Q | 1M | 1M |
| 3. | 3. | संख्या - (हिंदी अक्षरों में लिखना होगा) | 1 Q | 1M | 1M |
| 4. | 4. | कारक चिह्न - विकल्पों में से सही कारक पहचानकर लिखना होगा। | 1 Q | 1M | 1M |
| 5. | 5. | समास - ( निर्देश के अनुसार विकल्पों में से चुन कर लिखना होगा) | 1 Q | 1M | 1M |
| 6. | 6. | संधिविच्छेद - (निर्देश के अनुसार लिखना होगा) | 1 Q | 1M | 1M |
| 7. | 7. | अनेक शब्दों के लिए एक शब्द - (वाक्यांश के स्थान पर एक शब्द लिखना होगा) | 1 Q | 1M | 1M |
| 8. | 8. | मुहावरा - (वाक्य में मुहावरे को पहचानना, मुहावरे का अर्थ लिखना। निर्देश के अनुसार विकल्पों में से लिखना होगा) | 1 Q | 1M | 1M |
| 9. | 9. | लिंग - (सूचना के अनुसार लिंग बदलकर लिखना होगा।) | 1 Q | 1M | 1M |
| 10. | 10. | वचन - (सूचना के अनुसार वचन बदलकर लिखना होगा।) | 1 Q | 1M | 1M |
| 11. | 11. | काल - (निर्देश के अनुसार बदलना होगा।) | 1 Q | 1M | 1M |
| 12. | 12. | शुद्ध रूप ( निर्देश के अनुसार बदलना होगा।) | 1 Q | 1M | 1M |

## Section - II ( अर्थग्राह्यता )

| क्र.सं. | प्रश्न संख्या | प्रश्नवार विश्लेषण | प्रश्नों की संख्या | अंक | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 13. | 13. | पठित गद्यांश से एक अनुच्छेद दिया जाएगा। उपसर्ग, प्रत्यय, पर्याय, विलोम , संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रियाओं में से कोई 5 अंश देकर पहचानने को कहेंगे। (अ,आ,इ,ई और उ) के प्रश्न होंगे। | 5Q | 1m | 5m |
| 14. | 14. | पठित पद्य भाग से एक पद्यांश दिया जाएगा। (अ,आ,इ,ई और उ) के प्रश्न होंगे। (ये बहु विकल्पीय प्रश्न होंगे।) | 5Q | 1m | 5m |
| 15. | 15. | पठित गद्य भाग से एक गद्यांश दिया जाएगा। (अ,आ,इ,ई और उ) के प्रश्न होंगे।एक-एक वाक्य में उत्तर देना होगा। | 5Q | 1m | 5m |
| 16. | 16. | पठित गद्य भाग से एक गद्यांश दिया जाएगा। (अ,आ,इ,ई और उ) के प्रश्न होंगे। (ये बहु विकल्पीय प्रश्न होंगे।) | 5Q | 1m | 5m |

## Section - III ( अभिव्यक्ति )

| क्र. सं. | प्रश्न संख्या | प्रश्नवार विश्लेषण | प्रश्नों की संख्या | अंक | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 17 | 17 | पाठ्यपुस्तक के पद्य भाग से किसी एक कवि का जीवन परिचय पूछा जायेगा। | 1Q | 4m | 4m |
| 18 | 18 | पाठ्यपुस्तक के गद्य भाग से किसी एक लेखक का जीवन परिचय पूछा जायेगा। | 1Q | 4m | 4m |

## Section - IV ( अभिव्यक्ति )

| क्र.सं. | प्रश्न संख्या | प्रश्नवार विश्लेषण | प्रश्नों की संख्या | अंक | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 19 | 19,20 | पद्य भाग से दो प्रश्न दिये जायेंगे।तीन-चार वाक्यों में उत्तर देना होगा। | 2Q | 3m | 6m |
| 20 | 21,22,23 | गद्य भाग से तीन प्रश्न दिये जायेंगे।तीन-चार वाक्यों में उत्तर देना होगा। | 3Q | 3M | 9m |
| 21 | 24,25,26 | उपवाचक पाठों से तीन प्रश्न दिये जायेंगे।तीन-चार वाक्यों में उत्तर देना होगा। | 3Q | 3m | 9m |

## Section - V ( अभिव्यक्ति )

| क्र.सं. | प्रश्न संख्या | प्रश्नवार विश्लेषण | प्रश्नों की संख्या | अंक | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 22 | 27 (अ,आ) | पद्य भाग से दो सारांशात्मक प्रश्न पूछे जायेगे।किसी एक प्रश्न का उत्तर 15 पंक्तियों में देना होगा। (अ और आ) के प्रश्न होंगे। | 1Q | 10M | 10M |
| 23 | 28 (अ ,आ ) | गद्य भाग से दो सारांशात्मक प्रश्न पूछे जायेंगे।किसी एक प्रश्न का उत्तर 15 पंक्तियों में देना होगा। (अ और आ) के प्रश्न होंगे। | 1Q | 10M | 10M |

# Section - VI ( सृजनात्मक अभिव्यक्ति )

| क्र.सं. | प्रश्न संख्या | प्रश्नवार विश्लेषण | प्रश्नों की संख्या | अंक | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 24 | 29 (अ,आ) | एक औपचारिक और एक अनौपचारिक पत्र दिये जायेंगे।किसी एक प्रश्न का उत्तर देना होगा। (अ और आ) के प्रश्न होंगे | 1Q | 8M | 8M |
| 25 | 30 (अ ,आ) | दो निबंध दिये जायेंगे।किसी एक प्रश्न का उत्तर देना होगा। (अ और आ) के प्रश्न होंगे | 1Q | 8M | 8M |

## **शैक्षिक मापदंड - भार तालिका**

| **क्र.सं.** | **शैक्षिक मापदंड** | **कुल अंक** | **प्रतिशत** |
|---|---|---|---|
| 1. | अर्थग्राह्यता | 15M | 15% |
| 2. | अभिव्यक्ति | 52M | 52% |
| 3. | भाषा की बात | 17M | 17% |
| 4. | सृजनात्मकता | 16M | 16% |
| | **कुल** | **100** | **100%** |

## **प्रश्नों के स्वरूप के अनुसार भार तालिका**

| **क्र.सं.** | **प्रश्न का स्वरूप** | **प्रश्नों की संख्या** | **कुल अंक** |
|---|---|---|---|
| 1. | निबंधात्मक प्रश्न | 4 | 36 |
| 2. | लघु उत्तरात्मक प्रश्न | 6 | 28 |
| 3. | अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न | 8 | 24 |
| 4. | लक्ष्यात्मक प्रश्न | 12 | 12 |
| | **कुल** | **30** | **100** |

# पाठ्य विषयों के आधार पर भार तालिका

| **क्र.सं.** | | **लक्ष्यात्मक प्रश्न** | **लघु उत्तरात्मक प्रश्न** | **अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न** | **निबंधात्मक प्रश्न** | **कुल अंक** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पद्य भाग | 5(1) | 1(5),1(4) | 2(3) | 1(10) | 30 |
| 2. | गद्य भाग | 7(1) | 3(5),1(4) | 3(3) | 1(10) | 45 |
| 3. | उपवाचक | - | - | 3(3) | - | 9 |
| 4. | सृजनात्मकता | - | - | - | 2(8) | 16 |
| | **कुल** | **12** | **6** | **8** | **4** | **100** |

# MODEL PAPER FOR

www.sakshieducation.com

## SSC PUBLIC EXAMINATIONS - 2022

## HINDI

(Second Language)

| Class : X | Max.Marks : 100 | Time : 3hrs.15min. |
|---|---|---|

**सूचनाएँ :**

1. प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है ।
2. सभी प्रश्नों के उत्तर, उत्तर पुस्तिका में लिखिए ।
3. प्रश्न पत्र में छः भाग हैं ।

## भाग - I

**I. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।** **12 × 1 = 12 M**

1. सावन के मेघ झम - झम बरसते हैं । *(रेखांकित शब्द का तत्सम रूप पहचान कर लिखिए ।)*

| | | |
|---|---|---|
| श्रावण | श्रवण | श्रवणा |

2. राजू धीरे - धीरे चलने लगा । *(क्रिया विशेषण पहचानकर लिखिए ।)*

3. 1880 - अंकों में लिखिए ।

4. लोकगीत सीधे जनता ------------- संगीत हैं । *(सही करक चिह्न पहचानिए ।)*

| | | |
|---|---|---|
| का | के | की |

5. राधा - कृष्ण की जोड़ी सराहनीय है । *(समास की सही जोड़ी पहचानिए ।)*

   i) राधा - कृष्ण - द्वंद्व समास

   ii) सराहनीय - तत्पुरूष समास

6. आज का सूर्योदय मनोहर है । *(रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद कीजिए ।)*

7. जो विश्व के सभी देशों से जुडा हो । *(एक शब्द में लिखिए ।)*

8. भारतीय सेना दुश्मनों का जवाब देने कमर कस ली । *(रेखांकित मुहावरे का अर्थ पहचान कर लिखिए ।)*

| | | |
|---|---|---|
| तैयार होना | निराश होना | उत्साह बढ़ाना |

9. धोबिन कपड़े धोती है । *(लिंग बदलकर फिर से पूरा वाक्य लिखिए ।)*

10. टोपी सुंदर है । *(वचन बदलकर फिर से पूरा वाक्य लिखिए ।)*

11. वह एक अच्छा शासक था । *(वाक्य को वर्तमान काल में लिखिए ।)*

12. मैं स्कूल जाता है । (शुद्ध रूप में लिखिए ।)

www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com

**II. प्रश्न संख्या 13 से 16 तक दिये गए गद्यांश, पद्यांश पढ़कर निर्देश के अनुसार उत्तर दीजिए।**

**13. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर उत्तर पहचानकर लिखिए ।** **5 × 1 = 5 M**

*भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में देश को एकता के सूत्र में बाँधने के लिए एक भाषा की आवश्यकता हुई । यह काम हिंदी से ही साध्य हो सका । आज हमें एक से अधिक भाषाएँ सीखना जरूरी है । जिनमें हिंदी और अंग्रेजी का स्थान महत्वपूर्ण है । हिंदी से हम सारे भारत की पहचान अच्छी तरह से कर सकते हैं । भारत के अलग - अलग प्राँतों में अलग - अलग भाषाएँ बोली जाती हैं ।*

*प्रश्न :*

अ) ''ईय'' प्रत्यय से बना शब्द पहचानकर लिखिए ?

आ) ''अनेकता'' का विलोम शब्द पहचानकर लिखिए ?

इ) ''जगह'' का पर्याय शब्द पहचानकर लिखिए ?

ई) अधिक भाषाएँ सीखना जरूरी है । *(वाक्य में क्रिया शब्द पहचानिए ।)*

उ) यह हिंदी से ही साध्य हो सका । *(वाक्य में संज्ञा शब्द पहचानकर लिखिए ।)*

**14. निम्न लिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए ।** **5 × 1 = 5 M**

*ऊँच - नीच का भेद मिटाकर, दिल में प्यार बसायेंगे ।*
*नफ़रत का हम तोड़ कुहासा, अमृत रस सरसायेंगे ।।*
*हम निराश दूर भगाकर, फिर विश्वास जगायेंगे ।*
*हम भारतवासी दुनिया को पावन धाम बनायेंगे ।।*

*प्रश्न :*

अ) दिल में क्या बसायेंगे ?

(A) अमृत (B) विश्वास (C) स्वर्ग (D) प्यार

आ) नफरत का कुहासा तोड़ कौन सा रस सरसायेगे ?

(A) प्रेम रस (B) आम रस (C) अमृत रस (D) हास्य रस

इ) विश्वास कैसे जगाया जायेगा ?

(A) उलझनें दूर कर (B) निराशा दूर कर
(C) क्लेश दूर कर (D) कुहासा दूर कर

ई) भारतवासी किसे पावन धाम बनाना चाहते हैं ?

(A) दुनिया को (B) देश को (C) स्कूल को (D) घर को

उ) यह पद्यांश किस कविता से दिया गया है ?

(A) हम भारतवासी (B) कण - कण का अधिकारी
(C) बरसते बादल (D) भक्ति पद

www.sakshieducation.com

**15. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए । 5 × 1 = 5 M**

www.sakshieducation.com

*भोजपुरी में करीब तीस - चालीस बरसों 'बिदेसिया' का प्रचार हुआ है । गाने वालों के अनेक समूह इन्हें गाते हुए देहात में फिरते हैं । उधर के जिलों में विशेषकर बिहार में बिदेसिया से बढ़कर दूसरे गाने लोकप्रिय नहीं हैं । इन गीतों में अधिकतर रसिकप्रियों और प्रियाओं की बात रहती है, परदेशी प्रेम की और इनसे करूणा और विरह का रस बरसता है ।*

__प्रश्न :__

अ) भोजपुरी में तीस - चालीस बरसों से किसका प्रचार हुआ ?

आ) बिदेसिया गीत गाते हुए अनेक समूह कहाँ फिरते हैं ?

इ) बिदेसिया गाने कहाँ लोकप्रिय हैं ?

ई) बिदेसिया गीतों में अधिकतर किनकी बात रहती है ?

उ) बिदेसिया गीतों में कौनसा रस बरसता है ?

**16. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए । 5 × 1 = 5 M**

*इक्कीसवीं सदी का अब अंत होने वाला था और बाईसवीं सदी की शुरूआत । पृथ्वी पर मानव ने काफ़ी प्रगति कर ली थी । जनसंख्या पर नियंत्रण कर लिया था । पर्यावरण की समस्या को हल कर लिया गया था । लोग सुख चैन से रह रहे थे । अचानक एक दिन समाचार पत्र में एक खबर प्रकाशित हुई, जिसे पढ़कर लोग आश्चर्यचकित हो गए। इस खबर के अनुसार एक सर्वेक्षण में बताया गया कि पृथ्वी पर निरंतर पानी की कमी होती जा रही है ।*

__प्रश्न :__

अ) इक्कीसवीं सदी का अब क्या होने वाला था ?

(A) अंत (B) आरंभ (C) प्रवेश (D) प्रस्थान

आ) पृथ्वी पर किसने काफी प्रगती कर ली थी ?

(A) प्राणि (B) मानव (C) पक्षी (D) छात्र

इ) पर्यावरण की समस्या को क्या कर लिया गया ?

(A) बंद (B) दूर (C) हल (D) उजागर

ई) अचानक एक दिन समाचार पत्र में क्या प्रकाशित हुई ?

(A) फोटो (B) विज्ञापन (C) कार्टून (D) खबर

उ) पृथ्वी पर निरंतर किसकी कमी होती जा रही है ?

(A) पानी (B) लोग (C) जंगल (D) भूमि

## __भाग - III__

**III. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 4 पंक्तियों में लिखिए । 2 × 4 = 8 M**

17. रमेश पोखरियाल 'निशंक' आधुनिक साहित्यकारों में विशिष्ट स्थान रखते हैं । इनका संक्षिप्त परिचय दीजिए ?

18. हिंदी साहित्य जगत के सुपरिचित रचनाकार प्रेमचंद का साहित्य परिचय दीजिए ?

www.sakshieducation.com

## भाग - IV

www.sakshieducation.com

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन या चार वाक्यों में लिखिए ।** **8 × 3 = 24 M**

19. भारतवासी किन पवित्र भावनाओं के द्वारा दुनिया को पावन धाम बनाना चाहते हैं ?
20. मीरा की भक्ति भावना पर अपने विचार लिखिए ?
21. हामिद ने चिमटा किसकेलिए खरीदा ? क्यों ?
22. हिंदी जोड़ने वाली कड़ी है, तोड़ने वाली नहीं स्पष्ट कीजिए ?
23. टेसी थामस को अग्नि पुत्री क्यों कहा गया ?
24. मदर तेरेसा ने अपने जीवन में क्या सिद्ध कर दिखाया ?
25. राजू के प्रति नये स्कूल के साथियों का व्यवहार कैसा था ?
26. अकाल की समस्या के निवारण के लिए राजा ने क्या - क्या उपाय सोचे होंगे ?

## भाग - V

**V. निम्नलिखित निबंधात्मक प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।**

27. **किसी एक प्रश्न का उत्तर 8 से 10 पंक्तियों में लिखिए ।** **1 × 10 = 10 M**

अ) प्रकृति और प्राणियों का जीवनाधार वर्षा है ।
बरसते बादल कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए ?

(या)

आ) कवि ने श्रमिकों के अधिकारों का वर्णन ''कण - कण का अधिकारी'' कविता में किया है ।
इस पर अपने विचार लिखिए ?

28. **किसी एक प्रश्न का उत्तर 8 से 10 पंक्तियों में लिखिए ।** **1 × 10 = 10 M**

अ) 'लोकगीत साधारण जनता के संगीत है ।' - इस पर अपने विचार व्यक्त कीजिए ।

(या)

आ) कलाम ने भ्रष्टाचार उन्मूलन व बालमज़दूरी की समस्या सुलझाने के क्या उपाय बताए ?

## भाग - VI

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।**

29. **किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए ।** **1 × 8 = 8 M**

अ) अपने गाँव में लगा मेला देखने जाने के लिए दो दिन की छुट्टी माँगते हुए प्रधानाध्यापक के नाम पत्र लिखिए ।

(या)

आ) अपने विद्‌यालय में मनाए गए वार्षिकोत्सव का वर्णन करते हुए मित्र के नाम पर पत्र लिखिए ।

30. **किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए ।** **1 × 8 = 8 M**

अ) 26 जनवरी को लालकिले पर होते कवात देखकर सभी भारतीयों की छाती चौड़ी हो जाती है ।
गण्तंत्र दिवस की विशेषताओं पर निबंध लिखिए ।

(या)

आ) जल संरक्षण करना हमारा कर्त्तव्य है । इस पर अपने विचार लिखिए ।

www.sakshieducation.com

★★★